**Annexure-2.1**

परियोजना का नाम :- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत चौपड़ियाल गांव से सौड़ मोटर मार्ग के किमी0 12.00 से खुरैत मोटर मार्ग का निर्माण कार्य।

लम्बाई 5.00 किमी0, स्टेज-प्रथम, यू0टी0-11-

विकास खण्ड :- चम्बा                                                    जिला :- टिहरी गढ़वाल।

## प्रतिवेदन

### (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड चम्बा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत चौपडियाल गांव से सौड़ मोटर मार्ग के किमी0 12.00 से खुरैत मोटर मार्ग निर्माण हेतु उत्तराखण्ड सरकार के **शासनादेश संख्या 2491/पी0 3-14/यू0आर0आर0डी0ए0/10, दिनांक 18.05.2010** द्वारा 5.00 किमी0 लम्बाई में प्रस्तावित किया गया है।

इस मार्ग के निर्माण से ग्राम खुरैत (जनसंख्या- 364) की जनता लाभान्वित होगी। मार्ग के प्रस्तावित समरेखण में स्थानीय जनता को कोई आपत्ति नहीं है। आम ग्राम सभा का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न है।

इस मार्ग के कुल 5.00 किमी0 लम्बाई में से जनपद टिहरी की 2250 मी0 में आरक्षित वनभूमि, 600 मी0 में सिविल सोयम भूमि एवं 2150 मी0 में नाप भूमि पड़ती है। समरेखण के अन्तर्गत आरक्षित वनभूमि का 9.00 मी0 चौड़ाई में कुल क्षेत्रफल 2.025 है0 है एवं सिविल सोयम वनभूमि का 9.00 मी0 चौड़ाई कुल क्षेत्रफल 0.54 है0 है। मार्ग में पड़ने वाली आरक्षित वनभूमि पर प्रभावित होने वाले पेड़ो की गिनती का प्रमाण पत्र संलग्न है। प्रस्तावित मार्ग का संयुक्त निरीक्षण पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0-2 नई टिहरी, राजस्व विभाग नई टिहरी एवं वन विभाग मुनिकीरेती टिहरी के प्रतिनिधियों के साथ किया गया। संयुक्त निरीक्षण आख्या संलग्न है।

अतः आरक्षित वनभूमि 2.025 है0, सिविल सोयम वनभूमि, 0.54 है0 कुल 2.565 है0 का हस्तानान्तरण प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है।

| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|
| पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0-2 | पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0-2 | पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0-2 |
| नई टिहरी | नई टिहरी | नई टिहरी |